## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 19.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जमशेदपुर में चुनावी सभा में कहा–देश की प्रगति के लिए उद्योग जरूरी,, झारखंड में भ्रष्टाचार को लेकर इंडी गठबंधन पर किया प्रहार।
2- लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में पड़ने वाले बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम।
3- राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अवैध सामग्री और नकदी के रूप में अब तक 1 अरब, 19 करोड़, 50 लाख की हुई जब्ती।
4- देश में अनुसूचित जाति श्रेणी के अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या 2014–15 के मुकाबले 44 प्रतिशत बढ़ी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने जारी की रिपोर्ट।
5- आईपीएल क्रिकेट में, आज साढे तीन बजे सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स का मुकाबला, शाम साढे सात बजे राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स होंगे आमने–सामने ।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमशेदपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव देश के भविष्य को सशक्त और आने वाली पीढ़ियों का भी उज्ज्वल भविष्य निश्चित करने के लिए है। घाटशिला के ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में आयोजित सभा में प्रधानमंत्री ने झारखंड में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला।

प्रधानमंत्री ने जमशेदपुर को मिनी हिंदुस्तान बताते हुए देश की प्रगति के लिए उद्योग को जरुरी बताया। साथ ही इंडी गठबंधन पर निवेश के क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने एनडीए के उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के पक्ष में लोगों से वोट की अपील की। विद्युत वरण महतो का मुख्य मुकाबला झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थन वाले इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती से होगा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को जमशेदपुर, रांची, गिरिडीह और धनबाद सीट के लिए वोटिंग होगी।

********************

राज्य निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण और स्वच्छ तरीके से लोकसभा चुनाव को निपटाने के लिए सारी तैयारियां कर ली है। तीनों संसदीय क्षेत्र और गांडेय विधान सभा उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की बूथों के लिए रवानगी का सिलसिला जारी है। कोडरमा संसदीय क्षेत्र में कल होने वाले चुनाव को लेकर मतदान कर्मी ईवीएम मशीन लेकर अपने अपने बूथों पर रवाना हो रहे हैं। गिरिडीह डीसी नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि गिरिडीह जिले में चार डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। इधर चतरा लोकसभा निर्वाचन को लेकर पलामू जिले में पड़ने वाले पांकी विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए 326 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टी आज रवाना हुई। मेदिनीनगर के जीएलए कालेज स्थित डिस्पैच सेंटर से सभी कर्मियों को ईवीएम, वीवीपीएटी सहित अन्य चुनाव सामग्रियों के साथ भेजा गया। चुनाव को लेकर बिहार से सटने वाले मनातू के बॉर्डर पर विशेष चौकसी बरती जा रही है।

********************

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल राज्य की तीन लोकसभा सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय उपचुनाव के लिए मतदान होगा । सोमवार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक इन सीटों पर वोटिंग होगी। तीन सीटों के 54 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है इनमें सबसे अधिक 22 प्रत्याशी चतरा संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे हैं. वहीं, हजारीबाग में 17 और कोडरमा में 15 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। उधर, गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल 11 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है।

********************

चतरा लोक सभा सीट पर कल होने वाले मतदान से पहले जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने कहा है कि जिले के दो सौ पंचानबे बूथों पर अतिरिक्त मतदान कर्मी लगाए गए हैं। निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए 148 माइक्रो आब्जर्वरों की तैनाती की गई है। मतदान के दिन जिले के सभी बूथों पर सीसीटीवी के माध्यम से वेबकास्टिंग भी की जायेगी। इधर जिले के पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय ने बताया कि चतरा जिला नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं। जिले के सभी बूथों पर प्रयाप्त मात्रा में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं । पोलिंग पार्टी के वाहनों पर निगरानी रखने के लिए जीपीएस भी लगाया गया है।

*********************

लोकसभा चुनाव में धनबल और प्रलोभन को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग के प्रयासों के कारण 8 हजार 889 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। नशीले पदार्थों पर कड़ी निगरानी के कारण जब्ती में लगातार वृद्धि हो रही है। अब तक तीन हजार 958 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं। चुनाव प्रचार तेज होने के साथ ही आयोग मतदाताओं को प्रलोभन देकर प्रभावित करने की कोशिशों पर कड़ी नजर रख रहा है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और प्रवर्तन एजेंसियों को निगरानी और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इधर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अवैध सामग्री और नकदी के रूप में अब तक 1 अरब, 19 करोड़, 50 लाख की जब्ती की गयी है।

*********************

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के लिए हजारीबाग में चुनाव प्रचार थम गया है। कल राज्य की तीन सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट–गौरव प्रकाश, हजारीबाग– 52 सेकेंड

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, देश में अनुसूचित जाति श्रेणी के अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या 2014–15 के मुकाबले 44 प्रतिशत बढ़ गई है। वर्ष 2014–15 में यह संख्या 46 लाख थी जो 2021–22 में 66 लाख हो गई। अल्पसंख्यक महिला विद्यार्थियों की संख्या भी 2014–15 के मुकाबले 42 प्रतिशत बढी है।

अनुसूचित जाति की महिला विद्यार्थियों की संख्या में 51 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति के दाखिले में 65 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है।

********************

रांची रेल मंडल के रांची – मुरी सेक्शन के अंतर्गत किता – गौतमधारा रेल खंड में विकास कार्य के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। जिसके कारण कुछ ट्रेनों के परिचालन में परिवर्तन किया गया हैं । इधर लिंक रेक के विलंब से चलने की वजह से मालदा टाउन सूरत एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है, यह ट्रेन दोपहर तीन बजे मालदा टाउन से प्रस्थान करेगी।

********************

आईपीएल क्रिकेट में, आज दोपहर बाद साढे तीन बजे सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स का मुकाबला होगा। शाम साढे सात बजे राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स आमने–सामने होंगे।

********समाप्त************